कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 10/2024 दिनांक 25/10/2024

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720, दिनांकः जून 04, 2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020, दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 24.10.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना सुहवल पुलिस द्वारा 02 नफ़र वारण्टी को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 24/10/2024 को उ0नि0 सन्तराम यादव मय हमराह द्वारा मा0 न्यायालय में जारी फौ0मु0 2191/2012 धारा 323/504 भा0द0वि0 में गंगा यादव पुत्र जगरुप याद व ग्राम इजरी थाना सुहवल जनपद गाजीपुर व फौ0मु0 203/2015 अ0सं0 212/91 धारा 323/325/504 भादवि राज्य बनाम जनार्दन आदि मे नामित वारण्टी विसर्जन यादव पुत्र जगरुप निवासी सुहवल थाना सुहवल जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1 गंगा यादव पुत्र जगरुप यादव ग्राम इजरी थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 59 वर्ष।

2. विसर्जन यादव पुत्र जगरुप निवासी सुहवल थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 58 वर्ष।

02.आज दिनांक 24.10.2024 को कार्यालय महिला सहायता प्रकोष्ठ/परिवार परामर्श केंद्र गाज़ीपुर में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर के कुशल निर्देशन में पति पत्नी के विवाद से संबंधित कुल 06 प्रकरण को सुना गया, जिसमे काफी समय से विवादित चल रहे 01 प्रकरण में दोनों पक्षो को बैठाकर मध्यस्थता के माध्यम से बिना किसी दबाव के राजी खुशी से गिले शिकवे भूला कर विदाई करवाई गई। 01 प्रकरण में एक पक्ष अनुपस्थित होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई शेष 04 प्रकरण में अभी मध्यस्ता न होने के कारण अगली तिथि निर्धारित की गई। इन सभी प्रकरण के निस्तारण में महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी नीतू मिश्रा उप निरीक्षक शशिधर मिश्रा महिला मुख्य आरक्षी सुनीता गिरी महिला आरक्षी रोली सिंह आरक्षी शिव शंकर यादव महिला होमगार्ड विमला आदि लोग प्रमुख थे।

पुलिस अधीक्षक

गाजीपुर